आज का मौसम

अधिकतम 39° C
न्यूनतम 32° C
सूर्य अस्त (आज) 7:24
सूर्य उदय (कल) 5:25

# जीत समाचार

दैनिक समाचार पत्र

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 281 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

सोमवार 29 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


**अनमोल वचन**

"दुनियां उनसे आकर्षित होती हैं जिनका शरीर सुंदर होता हैं परंतु भगवान उनसे मिलते हैं जिनकी आत्मा सुंदर (पवित्र) होती हैं।"

## संक्षिप्त न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का शत-प्रतिशत कार्य पूरा

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत गृह सूचीकरण और आवास जनगणना का शत प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही यह उपलब्धि हासिल करने वाला केंद्र शासित प्रदेश का पहला जिला बन गया है। प्रथम चरण के सफल समापन ने जनगणना के आगामी जनसंख्या गणना चरण के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर दिया है।

### नागालैंड में पल्स पोलियो अभियान जारी, 1 लाख से ज्यादा बच्चों को पोलियो पिलाया जाएगा



नगालैंड(एजेंसी)। नगालैंड में रविवार को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के तहत पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पांच वर्ष से कम आयु के एक लाख 43,530 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाना है। राज्य के सभी जिलों में टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं और स्वास्थ्यकर्मियों तथा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। वोखा जिले में उपायुक्त के. महाथुंग त्सांगलाओ ने एक बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार कश्मीर घाटी पहुंचे, अधिकारियों से करेंगे बातचीत



जम्मू-कश्मीर । मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार को कश्मीर घाटी पहुंचे। अपने आगमन के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि वे बडगांव जिले के बूथ स्तर के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने बूथ स्तर के अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की आधारशिला बताया। श्री कुमार ने चुनाव प्रक्रिया को सशक्त बनाने के लिए बूथ स्तर के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की आवश्यकता पर बल दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी को सेशेल्स के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से किया गया सम्मानित


नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रविवार को सेशेल्स की राजकीय यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में नेतृत्व के लिए वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन से सम्मानित किया गया। सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को विकासशील देशों के हितों को आगे बढ़ाने के उनके प्रयासों, जलवायु परिवर्तन, समुद्री संसाधनों के सतत प्रबंधन और विकासशील लघु द्विपीय देशों की आकांक्षाओं को बढ़ावा देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के सम्मान में दिया गया है।



प्रधानमंत्री ने यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध सभी देशों को समर्पित किया। यह सम्मान प्रधानमंत्री को सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए दिए गए कई पुरस्कारों में से एक है। इनमें एफएओ द्वारा दिया गया एग्रीकोला मेडल, सियोल शांति पुरस्कार और संयुक्त राष्ट्र का 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार शामिल हैं। यह सम्मान क्षमता निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास पहलों और हिंद महासागर क्षेत्र में साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की बढ़ती भूमिका को सेशेल्स द्वारा दिए जाने वाले महत्व को रेखांकित करता है।

## कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गांवों की केंद्रीय भूमिका का किया उल्लेख

नई दिल्ली (एजेंसी)। कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में गांवों की केंद्रीय भूमिका का उल्लेख किया है। नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण श्रमिकों की आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ग्रामीण विकास में तेजी लाने के लिए विकसित भारत ग्रामीण योजना के अंतर्गत राज्यों के हिस्से सहित



एक लाख 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। उन्होंने ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को और सुदृढ़ करने तथा गांवों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए राज्यों से सुझाव और नवोन्मेषी विचार आमंत्रित किए।

इस अवसर पर श्री चौहान ने ग्रामीण आंतरिक लेखापरीक्षा पोर्टल का भी शुभारंभ किया। यह पोर्टल जोखिम-आधारित और अनुपालन लेखापरीक्षाओं सहित आंतरिक लेखापरीक्षाओं के संपूर्ण प्रबंधन के लिए एक एकीकृत डिजिटल मंच है।

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सोमवार को नई दिल्ली में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के लिए दिशानिर्देश जारी करेंगे

नई दिल्ली(एजेंसी)। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कल नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद की १६वी बैठक में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के लिए परिचालन गत दिशानिर्देश जारी करेंगे। यह शुभारंभ एनीमिया मुक्त भारत से एनीमिया मुक्त भारत अभियान में परिवर्तित होने के कारण एनीमिया के विरूद्ध देश की लडाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह परिवर्तन अधिक व्यापक, जन केन्द्रित और प्रौद्योगिकी आधारित पहल में विकास को दर्शाता है। यह दिशानिर्देश सातवें लाभार्थी समूह, सातवें हस्तक्षेप और सातवें संस्थागत तंत्र के कार्यान्वयन से मौजूदा 6—6—6



कार्यनीति से 7—7—7 ढांचे में विस्तारित होगा। यह कार्यनीति पहले के टी-३ दृष्टिकोण अर्थात परीक्षण, उपचार और चर्चा से टी-4 दृष्टिकोण अर्थात परीक्षण, उपचार, चर्चा और ट्रैक में भी उन्नत होगी। इसमें गहन हीमोग्लोबिन परीक्षण, आयरन अल्पता एनीमिया के प्रोटोकहल आधारित उपचार, व्यवस्थित फहलोअप और लाभार्थियों का संदर्भ देना तथा स्वस्थ आहार संबंधी आदतों पर केंद्रित परामर्श देना शामिल है। यह कदम कुपोषण से निपटने और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के प्रति सरकार की सतत वचनबद्धता को दर्शाता है।

## लेबनान-इस्राएल समझौते पर लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत की



लेबनान(एजेंसी)। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ ऑन ने अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के साथ आज लेबनान-इस्राएल समझौते के संबंध में फोन पर बात की है। इस समझौते पर हाल ही में दस्तखत हुए हैं। श्री ऑन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री ट्रम्प ने उन्हें समझौते को लेकर बधाई दी और लेबनान की संप्रभुता के प्रति अमरीका का समर्थन व्यक्त किया। श्री ट्रंप ने लेबनान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में योगदान का वायदा भी किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लेबनान क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर फिर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होगा। श्री ट्रंप ने कहा कि वे इस्राएल को दक्षिणी लेबनान से वापस जाने के लिए दबाव बनाना सुनिश्चित करेंगे।

## भारत ने कराची में हुई हालिया घटना के संबंध में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज किया

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत ने रविवार को कराची में हुई हालिया घटना के संबंध में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया। मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय, पाकिस्तान को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और अपने क्षेत्र में मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद को अपनी राज्य नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति से छुटकारा पाना चाहिए।

## ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत भेजी गई भारतीय राहत सहायता वेनेजुएला पहुंची



वेनेजुएला (एजेंसी)। ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत भेजी गई भारतीय सहायता वेनेजुएला पहुंच चुकी है। विदेश मंत्री डह सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि फील्ड अस्पताल ईकाई, राहत आपूर्ति, औषधि और चिकित्सा उपकरण वेनेजुएला में भूकंप के बाद जारी राहत प्रयासों को बढ़ावा देंगे। भारत ने वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप की प्रतिक्रिया में शुक्रवार को ऑपरेशन अमिस्ताद का शुभारंभ किया। वेनेजुएला में भूकंप के कारण बहुत से लोगों की जान गई, व्यापक स्तर पर लोग घायल हुए तथा विशाल तबाही हुई। भारतीय वायुसेना के दो सी-17 ग्लोबमास्टर विमान वेनेजुएला रवाना हुए हैं। वहां जारी राहत और बचाव प्रयासों में सहायता प्रदान करने के लिए इन विमानों में मानवीय राहत आपूर्ति तथा 41 सदस्यीय बचाव दल हैं। इन राहत सामग्रियों मे एक आत्मनिर्भर भारतीय चिकित्सा कार्य बल, मानवीय सहायता और आपदा राहत-एमएडीआर पैलेट और औषधि के साथ भारतीय सेना की एक फील्ड अस्पताल ईकाई, 30 टन राहत आपूर्ति, छह टन औषधि और चिकित्सा उपकरण, भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित और मैत्री- भीष्म क्यूब पोर्टेबल अस्पताल शामिल हैं। 41 सदस्यीय बचाव दल में अनुभवी राहत कर्मी और चिकित्सा पेशेवर शामिल हैं। वे प्रभावित क्षेत्रों में तलाश और बचाव अभियानों, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल और मानवीय राहत प्रयासों में वेनेजुएला के अधिकारियों के साथ मिलकर निकटता से कार्य करेंगे।

# अमरीका और ईरान के एक-दूसरे पर हमलों से संघर्ष विराम समझौते पर अनिश्चितता गहराई



अमरीका(एजेंसी)। अमरीका और ईरान के बीच कमजोर संघर्ष विराम टूटने के बाद पश्चिम एशिया में सुरक्षा की स्थिति में तीव्र गिरावट आई है। पिछले कई घंटों से दोनों पक्ष ताजा सैन्य हमले कर रहे हैं। अमरीका ने आरोप लगाया कि ईरान ने एक ड्रोन से एक वाणिज्यिक तेल टैंकर पर हमला किया। इसके बाद अमरीका ने होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट ईरान के दस सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमरीका के सेंट्रल कमान ने कहा कि इस अभियान में निगरानी अवसंरचना, संचार प्रणाली, हवाई रक्षा प्रतिष्ठान, ड्रोन भंडारण प्रतिष्ठान और खनन क्षमताओं को निशाना बनाया गया। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि और संघर्ष विराम उल्लंघन की स्थिति में अधिक व्यापक सैन्य कार्रवाई होगी।

ईरान ने कुवैत और बहरीन में स्थित अमरीकी सैन्य प्रतिष्ठानों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए कुछ घंटों के भीतर प्रतिक्रिया दिखाई। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने दावा किया कि उसने कुवैत में अली अल सलेम एयर बेस और अमरीका से संबंधित प्रतिष्ठानों सहित मुख्य अमरीकी प्रतिष्ठानों पर हमलें किए। कुवैत के अधिकारियों ने बताया कि हवाई रक्षा प्रणालियाँ आने वाले खतरों से निपट रही थीं। वहीं, बहरीन ने हवाई रेड सायरन सक्रिय कर दिया है और नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी। प्रारंभिक खबरों में किसी भी अमरीकी अधिकारी के हताहत होने की पुष्टि नही हुई है। हालांकि स्थिति नाजुक बनी हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्यम में एक वाणिज्यिक जहाज पर ईरान द्वारा बृहस्पतिवार को हमला किए जाने के बाद अमरीका ने तीव्र प्रतिक्रिया दिखाई। इसके बाद ईरान ने क्षेत्र में शनिवार को अमरीकी सैन्य ठिकानों पर रक्षात्मक हमले किए। दोनों पक्ष अंतरिम समझौते का उल्लघंन करने का आरोप एक दूसरे पर लगा रहे हैं। यह मध्यस्थों द्वारा किए जा रहे कूटनीतिक प्रयासों के लिए खतरा उत्पन्न कर रहा है। इस बीच, इस्राएल-लेबनान की सीमा के पास तनाव भी चरम पर है। इस्राएल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू ने लेबनान के साथ घोषित नए समझौते के ढांचे का बचाव किया है। वहीं, उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न होने की स्थिति में इस्राएल हिज्बुल्लाह के विरूद्ध कार्रवाई करने का अधिकार रखता है। हिज्बुल्लाह ने अमरीका की मध्यस्थता वाले समझौते वाले मुख्य प्रावधानों को खारिज कर दिया है और मिसाइल द्वारा हमले जारी हैं। इससे व्यापक क्षेत्रीय संकट के गहराने की आशंका बढ़ गई है।

# 'सीए डे' पर आईसीएआई दुबई चौप्टर का विशेष कार्यक्रम,

## भारत और यूएई के गणमान्य लोगों ने भाग लिया



दुबई(एजेंसी)। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के दुबई चौप्टर ने 'सीए डे' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

यूएई के सहिष्णुता और सहअस्तित्व मंत्री शेख नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान ने इस अवसर पर भारत और यूएई के संबंधों को दुनिया की सबसे मजबूत साझेदारियों में से एक बताया। भारत के यूएई में राजदूत डह. दीपक मित्तल ने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों से भारत और यूएई के बीच व्यापार 100 अरब डहलर से अधिक रहा है। उन्होंने इस साझेदारी को और मजबूत बनाने में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

वहीं, राज्यसभा सांसद और चार्टर्ड अकाउंटेंट अरुण सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हुए आर्थिक सुधारों ने नए भारत की मजबूत नींव रखी है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। वर्ष 1982 में स्थापित आईसीएआई का दुबई चौप्टर, संस्थान के 53 विदेशी चौप्टरों में सबसे बड़ा है। इसके 3,200 से अधिक सदस्य हैं।

# शिक्षित समाज ही विकसित समाज का मूल आधार- दूर दराज की ढाणियों तक शिक्षा पहुंचाने पर सरकार का मुख्य फोकसः कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

## -वाल्मीकि आश्रम में 23 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित ज्ञानदीप पुस्तकालय का कैबिनेट मंत्री ने किया उद्घाटन

जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित समाज का मूल आधार है। इसी विजन पर मुख्य फोकस कर राज्य सरकार निरंतर गुणात्मक शिक्षा का प्रसार कर रही है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि शिक्षा प्रदेश के हर कोने तक दूर दराज की ढाणियों तक भी पहुंचे ताकि प्रत्येक परिवार का बच्चा अच्छी तालीम हासिल कर उज्ज्वल जीवन जीने के काबिल बने। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार सायं नरवाना की इंदिरा कॉलोनी स्थित वाल्मिकि आश्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर 23 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित ज्ञानदीप पुस्तकालय का उदघाटन किया और 12 लाख रूपये की अनुमानित लागत से लाइब्रेरी से मुख्य सड़क तक पक्का रास्ता बनवाने की भी घोषणा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि ऐसे क्षेत्र अथवा ढाणी जहां शिक्षण



संस्थानों का अभाव है या वहां की संस्थाएं जर्जर और निम्न स्तर की हो चुकी है। ऐसे प्रत्येक इलाका आधुनिक सुविधाओं एवं तकनीकी से लैस शिक्षण संस्थान एवं उत्तम किस्म के पुस्तकालय स्थापित हों और इस पर निरंतर कार्य भी हो रहा है। दूर दराज एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में ऐसे व्यवस्थाएं होने से गरीब परिवार के बच्चों को भी सपनों के पंख लगे है।कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम के बाद पुस्तकालय का निरीक्षण भी किया और वहां मौजूद छात्राओं से भी मुलाकात कर सीधा संवाद किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन अमित ढाकल, उप चेयरमैन सत्यप्रकाश सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, बलदेव वाल्मीकि, तेजपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष सत्यवान शर्मा, सुरेन्द्र प्रजापति, सुरेन्द्र हथो, दिनेश गोयल, सत्यवान बेदी, विरेंद्र फोजी, विरेन्द्र नैन, हंसराज समैण, रिछपाल शर्मा, सुशील शास्त्री, एडवोकेट मंदीप चहल, सुशील नायक, सुरेश पांचाल, रणधीर कश्यप, विनय मित्तल, सुरेश दनौदा, डॉ टिंकू, राहुल, प्रो. अमित कुमार, सुनील, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसबीर नैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हरियाणाः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कचरा संग्रहण वाहनों को जीपीएस से जोड़ने के दिए निर्देश



जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कचरा संग्रहण करने वाले सभी वाहनों को जीपीएस प्रणाली से जोड़ने के निर्देश दिए हैं, ताकि उनकी नियमित निगरानी की जा सके। श्री सैनी ने आज हरियाणा निवास में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ठोस कचरा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक घर से नियमित रूप से कचरे के संग्रहण पर जोर देते हुए कहा कि जिन स्थानों पर लोगों का अधिक आवागमन रहता है, वहां विशेष रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। सड़कों की नियमित सफाई के साथ-साथ उनके किनारों पर वन विभाग द्वारा फूलदार और आकर्षक पौधों का रोपण भी कराया जाए।मुख्यमंत्री ने नगर निकायों में वार्ड समितियों की सक्रिय भागीदारी पर बल देते हुए उनके लिए समर्पित पोर्टल विकसित करने के निर्देश भी दिए, ताकि समिति के सदस्य और नागरिक अपनी समस्याएं तथा सुझाव सीधे साझा कर सकें।

मुख्यमंत्री ने 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छता पखवाड़े की तैयारियां अभी से शुरू करने तथा इसका विस्तृत कैलेंडर जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को त्रैमासिक आधार पर शहरी स्थानीय निकायों के वार्डों की स्वच्छता और कार्यप्रणाली की रैंकिंग तय करने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्डों को सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 2 अक्तूबर को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्डों और सफाई कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया जाए।

# 'मन की बात' 140 करोड़ भारतीयों को जोड़ने का अनूठा मंच- अनिल विज

जीत समाचार हरियाणा/अंबाला(ब्यूरों)। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का श्मन की बातश कार्यक्रम देश के १४० करोड़ लोगों को आपस में जोड़ने और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करने का एक शक्तिशाली माध्यम है। अंबाला छावनी के बीपीसी जैन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के १३५वें संस्करण को सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने यह बात कही।




नवाचार और अनसंग हीरोज को सम्मान


अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के उन श्अनसंग हीरोजश (गुमनाम नायकों) को सबके सामने ला रहे हैं, जिनके कार्यों की पहले कभी सराहना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश के हर कोने में हो रहे विकास, नवाचार और अंधविश्वास के खिलाफ जन-जागृति फैलाने का अभूतपूर्व कार्य किया है।

प्लास्टिक मुक्त और जल संचय का आह्वान

कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करना होगा। साथ ही, जल संचय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि बारिश की एक-एक बूंद को बचाना आज समय की सबसे बड़ी मांग है।

विपक्ष पर तीखा पलटवार

मनीषा सिसोदिया द्वारा नीट और चंदा चोरी को लेकर दिए गए बयान पर अनिल विज ने कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल राम मंदिर के मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। विज ने कहा, ष्कांग्रेस के समय में पेपर लीक और मंदिरों में मूर्तियां चोरी होने की घटनाएं आम थीं, तब सिसोदिया को ये सब क्यों नहीं दिखा? राम मंदिर की चोरी के मामले में जांच जारी है, एसआईटी गठित की गई है और दोषियों को जल्द ही कानून व प्रभु श्री राम के दंड का सामना करना पड़ेगा। लंकापति रावण ने भी माता सीता को चुराया था और उसका क्या हश्र हुआ, यह सब जानते हैं।ष इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com सोमवार, 29 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

### शिक्षा प्रणालीः डिग्री की दौड़ से कौशल के सफर तक

भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, लेकिन बेरोजगारी का दर्द भी इसी युवा वर्ग को झेलना पड़ रहा है। इसका कारण है हमारी पुरानी शिक्षा प्रणाली, जो कौशल से अधिक 'रटने' और 'डिग्री हासिल करने' पर जोर देती है।

विश्लेषणः इंडस्ट्री को ऐसे युवाओं की जरूरत है जो जटिल समस्याओं को हल कर सकें, न कि केवल किताबी ज्ञान रखने वालों की। आज की कंपनियां 'सॉफ्ट स्किल्स', तकनीकी दक्षता और 'प्रॉब्लम सॉल्विंग' कौशल को डिग्री से ऊपर मानती हैं। किताबी शिक्षा और व्यावहारिक कौशल के बीच का अंतर आज की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती है।

निष्कर्ष : शिक्षा को अब 'रोजगार–उन्मुख' बनाने का समय है। वोकेशनल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और क्रिटिकल थिंकिंग को पाठ्यक्रम के केंद्र में लाना होगा। जब तक शिक्षा का लक्ष्य सिर्फ परीक्षा पास करना रहेगा, तब तक हम एक कुशल कार्यबल तैयार नहीं कर पाएंगे।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 29 जून 2026, सोमवार

## आज का पंचांग

तिथि : चतुर्दशी 03:09 नक्षत्र : ज्येष्ठा 01:10
करण : गर 01:58 वणिज : 03:09
पक्ष :शुक्ल योग : शुभ 01:29
सूर्योदय : 05:25 सूर्यास्त :07:22
चन्द्रमा : वृश्चिक राशि 01:10
राहुकाल : 05:38 – 07:22
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:56 – 12:52

## आज का राशिफल

**मेष राशि**
आवास निवास की समस्या का समाधान होगा। परिणय प्रयास सफल रहेंगे। परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**वृषभ राशि**
नौकरी में उन्नति के योग बन रहे है। समझ और संभल कर कार्य करें, सफल रहेंगे। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन राशि**
आपकी कार्य पद्धति से अधिकारी खुश होंगे। संतान के कार्यों से तनाव, चिंता बढ़ सकती है। अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कर्क राशि**
जो भी करें बहुत होशियारी और समझदारी से करें। कई लोगों की नजर आप पर हैं। बकाया वसूली होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह राशि**
अध्ययन में रुचि न होने से परिवारजनों से अनबन हो सकती है। अचानक हानि संभव है। नई व्यावसायिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कन्या राशि**
परिजनों के साथ तीर्थस्थल पर जा सकते हैं। बाहरीजनों से सहयोग मिलेगा। मन इच्छित कार्यसिद्धि होगी। भवन निवेश शुभ रहेगा।

**तुला राशि**
आपके व्यवहार के कारण लोग आप की तारीफ करेंगे। वाहन–मशीनरी, अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तु गुम हो सकती है

**वृश्चिक राशि**
किसी की बुरी संगत के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शासन प्रशासन से सहयोग मिलेगा।

**धनु राशि**
निवेश करने में जल्दबाजी न करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। व्यवसायिक उन्नति होगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा

**मकर राशि**
घर के कामकाज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक–पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे। निवेशादि शुभ रहेगा

**कुम्भ राशि**
घर के कामकाज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक–पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे।

**मीन राशि**
आकस्मिक धनलाभ होगा। आत्मसम्मान बढ़ेगा। संतान पक्ष की चिंता स्वास्थ्य खराब कर सकती है। विरोधी शांत रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# प्रीत साहित्य सदन के मंच से बिखरे काव्य रंगय सुनील कुमार गोयल बोले– 'समाज को सही दिशा दिखाता है साहित्य'

जीत समाचार लुधियाना। स्थानीय प्रीत साहित्य सदन (पंजी.) की ओर से साहित्य, कला, संगीत और संस्कृति को समर्पित एक भव्य कवि सम्मेलन और साहित्यिक समागम का आयोजन किया गया। इस समागम में श्री हिंदू तख्त के उत्तर भारत के प्रभारी एवं हिंदू समाज पार्टी के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल विशेष तौर पर शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से देशप्रेम, सामाजिक सद्भावना और सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर चित्रण किया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार गोयल ने मंच से कवियों की प्रतिभा की सराहना की और समाज को सही दिशा देने में साहित्यकारों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी प्रतिभागी कवियों का आभार जताते हुए उनके उत्साह को समर्पित धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथियों और कवियों को सम्मानित भी किया गया।



# नहरी जल परियोजना से लुधियाना को बड़ी राहत: MCL ने 10 किलोमीटर सड़कें की बहाल

## पाखोवाल, गिल रोड समेत छह प्रमुख मार्गो पर यातायात सुचारू: 30 लाख लोगों को मिलेगा शुद्ध नहरी पानी

जीत समाचार लुधियाना (यादविंदर सिंह)। नगर निगम लुधियाना ने लुधियाना सतही जल आपूर्ति योजना के तहत शहर की लगभग **10** किमी लंबी मुख्य सड़कों की बहाली का काम पूरा कर लिया है। विश्व बैंक और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक द्वारा वित्तपोषित इस परियोजना के बाद अब शहर के कई आयामों में यातायात व्यवस्था पहले से अधिक सुचारु हो गई और नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

**छह प्रमुख सड़कें हुईं बहाल**

नगर निगम द्वारा बहाल की गई प्रमुख सड़कों में पखोवाल रोड, बारेवाल रोड, सुभाष नगर रोड, ताजपुर रोड, गिल रोड और रोज गार्डन रोड शामिल हैं। इन सड़कों के पुनः खुलने से हजारों दैनिक यात्री, मर्चेंट और स्थानीय बॉस को सुलभ ढुलाई की सुविधा मिल रही है तथा लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक समस्या में भी सुधार देखा जा रहा है।


**गुणवत्ता और सुरक्षा पर विशेष जोर**

यह पूरा कार्य मेयर इंद्रजीत कौर और नगर निगम आयुक्त ओजस्वी अलंकार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मुख्य अभियता रविंदर गर्ग और अधिक्षण अभियता पारुल गोयल ने परियोजना की नियमित निगरानी की।

नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पाइपलाइन जोड़ने के तुरंत बाद सड़क बहाली सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर निर्माण गुणवत्ता, इंजीनियरिंग मानकों या सार्वजनिक सुरक्षा के साथ समझौता न किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि कार्य को समयबद्ध और तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरा किया जा रहा है।

**पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का पालन**

परियोजना के दौरान पर्यावरण, सामाजिक, स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों का पालन किया गया। इसके तहत ट्रैफिक डायवर्जन प्लान, सुरक्षित बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेत और गंदगी नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव जैसे उपाय शामिल रहे, ताकि नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो।




**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता**

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना टिकाऊ शहरी विकास का एक सफल मॉडल बन उभरी है। इसे सकोच सिल्वर अवार्ड (म्युनिसिपल गवर्नेंस - वाटर सप्लाई इंफ्रास्ट्रक्चर), ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी एंड इनोवेशन अवार्ड (बेस्ट स्मार्ट सिटी वाटर इनिशिएटिव) और सीआईडीसी विश्वकर्मा अवार्ड्स में भी सम्मान प्राप्त हुआ है।

**30 लाख लोगों को मिलेगा शुद्ध नहरी पानी**

अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद लगभग **30** लाख लोगों को शुद्ध और उपचारित नहरी पानी उपलब्ध होगा। इससे भूजल पर निर्भरता में कमी आएगी, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार होगा और लुधियाना की भविष्य की जल आवश्यकताओं को स्थायी समाधान मिलेगा।

नगर निगम ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान अस्थायी असुविधा के बदले शहर को दीर्घकालिक लाभ मिलेंगे। साथ ही शेष सड़कों की बहाली भी चरणबद्ध तरीके से निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी की जाएगी।









दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# MLA शेरी कलसी ने 'वॉर ऑन ड्रग्स' कैंपेन के तहत 'नशा मुक्ति' ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाई

जीत समाचार बटाला(ब्यूरों)। पंजाब सरकार ने 'वॉर ऑन ड्रग्स' कैंपेन को और तेज करने के मकसद से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर नशा मुक्ति ई-रिक्शा कैंपेन शुरू किया है। जिसके तहत नशा मुक्ति ई-रिक्शा को बटाला से पंजाब के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट और डस। शेरी कलसी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मनजीत सिंह बुमराह हल्का को ऑर्डिनेटर, नशा मुक्ति मोर्चा बटाला भी मौजूद थे।

इस मौके पर एमएलए शेरी कलसी ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने ड्रग्स को पूरी तरह खत्म करने के लिए वहर ऑन ड्रग्स कैंपेन शुरू किया है, जिसके तहत पंजाब सरकार को बड़ी कामयाबी मिली है।

उन्होंने कहा कि ड्रग तस्करों को पकड़ने के अलावा, नशे के जाल में फंसे लोगों का इलाज करके उन्हें नशा छोड़ने में मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कैंपेन के तहत पंजाब के अलग-अलग पुलिस थानों में बड़ी मात्रा में अलग-अलग तरह के ड्रग्स जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सब लोगों के सहयोग से हो रहा है क्योंकि पंजाब के युवाओं को बचाने के लिए पंजाब सरकार ने पंजाब के अलग-अलग गांवों में खेल के मैदान तैयार किए हैं ताकि युवाओं को ड्रग्स छोड़ने और खेलों में आने के लिए मोटिवेट किया जा सके।

इस मौके पर मनजीत सिंह बुमराह ने कहा कि एमएलए शैरी कलसी की लीडरशिप में लोगों की शिकायतें सुनने के लिए इन्हें चलाया गया है। ड्रग डी-एडिक्शन ई-रिक्शा का मुख्य मकसद शरारती तत्वों और ड्रग तस्करों को रोकना है। उन्होंने कहा कि लोग बेझिझक इन रिक्शा में लगे कंप्लेंट बहक्स में अपनी शिकायतें डालें ताकि शरारती तत्वों के खिलाफ एक्शन लिया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरी ड्रग डी-एडिक्शन टीम इस कैंपेन से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों को पंजाब को रंगीन पंजाब बनाने में सहयोग करना चाहिए ताकि ड्रग्स को पूरी तरह से रोका जा सके।



## मेरिटोरियस स्कूल में 24 दिन का जेई/नीट बूथ कैंप सफलतापूर्वक खत्म हुआ



जीत समाचार बठिंडा । पंजाब सरकार और शिक्षा विभाग की खास कोशिशों की वजह से, **5** जून से **28** जून तक मेरिटोरियस स्कूल, बठिंडा में लगा **24** दिन का जेई/नीट बूथ कैंप सफलतापूर्वक खत्म हो गया। मेरिटोरियस स्कूल बठिंडा में लगे इस कैंप में मेरिटोरियस, स्कूल ऑफ एमिनेंस और सरकारी स्कूलों के **635** स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया और हाई-लेवल कॉम्पिटिटिव एग्जाम के लिए खास तैयारी की। कैंप के समापन समारोह में चीफ गेस्ट के तौर पर पहुंचे पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अमरजीत सिंह मेहता ने स्टूडेंट्स को मजबूत इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत और पहजिटिव सोच के साथ अपने लक्ष्य को पाने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ऐसे फ्री कोचिंग कैंप के जरिए टैलेंटेड और आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट्स को हायर एजुकेशन के मौके देने के लिए पूरी तरह से कमिटेड है। कैंप के दौरान स्टूडेंट्स और टीचर्स के लिए फ्री रहने की जगह, पौष्टिक खाना, मेडिकल सुविधाएं, ट्रांसपोर्टेशन और दूसरी सभी जरूरी सुविधाएं दी गईं। सेकेंडरी श्रीमती ममता खुराना सेठी की लीडरशिप में बनी स्पेशल टीमों ने पूरे इंतजाम पर लगातार नजर रखी। प्रिंसिपल डॉ. गुरदीप सिंह सिद्धू मेरिटोरियस स्कूल बठिंडा ने स्टूडेंट्स के लिए ठंडे और आरओ पानी, कूलर और दूसरी सुविधाओं का खास इंतजाम किया। कैंप कोऑर्डिनेटर डॉ. जसबीर सिंह ढिल्लों ने स्टूडेंट्स के दिमागी और कल्चरल विकास के लिए हर शनिवार को लिटरेरी और कल्चरल प्रोग्राम करवाए। कैंप के दौरान राज्य के अधिकारियों, डायरेक्टर एजुकेशन डिपार्टमेंट और दूसरी जानी-मानी हस्तियों ने इंतजाम का मुआयना किया और तारीफ की। इस मौके पर फिजिक्स वाला, अवंती फेलोज और दूसरे साथियों को बैज ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया, जबकि स्टूडेंट्स ने रंगारंग कल्चरल प्रोग्राम पेश किए। मैडम नमीशा खास तौर पर एक्टिव रहीं। फिजिक्स वाला और अवंती फेलोज को बैज ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। स्टूडेंट्स को अच्छी क्वालिटी की शिक्षा देने के लिए पंजाब सरकार ने फिजिक्स वाला और अवंती फेलोज की सर्विस ली थी। उन्होंने पूरी लगन से स्टूडेंट्स को कोचिंग दी। इवेंट के आखिर में डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर (सेकेंडरी) श्रीमती ममता खुराना सेठी ने सभी मेहमानों, अधिकारियों, प्रिंसिपलों, टीचरों और सपोर्ट करने वाली संस्थाओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस अनोखे और फ्री जेई/नीट बूथ कैंप ने न सिर्फ स्टूडेंट्स को एक नई दिशा दी, बल्कि बठिंडा को पूरे पंजाब में एक मिसाल के तौर पर भी स्थापित किया।

## तीन दिन के पल्स पोलियो कैंपेन की शुरूआत



जीत समाचार जालंधर। जिले में तीन दिन के पल्स पोलियो कैंपेन की शुरुआत रविवार को हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने डिप्टी कमिश्नर श्री वरजीत वालिया के ढाई महीने के बेटे को पोलियो ड्रॉप्स पिलाकर की। माता-पिता से इस कैंपेन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए, श्री वालिया ने कहा कि पांच साल से कम उम्र के हर बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स जरूर पिलानी चाहिए ताकि भारत पोलियो-फ्री देश बना रहे। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे हेल्थ डिपार्टमेंट की टीमों को पूरा सहयोग दें और यह पक्का करें कि इस कैंपेन के दौरान कोई भी योग्य बच्चा कवरेज से न छूटे। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राजेश गर्ग भी मौजूद थे।डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि कैंपेन की सफलता के लिए जिला प्रशासन और हेल्थ डिपार्टमेंट ने बड़े पैमाने पर इंतजाम किए हैं। जिले भर में **2,203** टीमें तैनात की गई हैं, जिनमें **2,107** घर-घर जाने वाली टीमें, **66** मोबाइल टीमें और **30** ट्रांजिट टीमें शामिल हैं। वैक्सीनेशन कैंपेन पर कड़ी नजर रखने और इसे आसानी से चलाने के लिए **267** सुपरवाइजर भी तैनात किए गए हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
"जीत समाचार से जुड़ें, सच्ची ख़बरों का हिस्सा बनें!"
(जीत सच्ची ख़बर की)
रिपोर्टर बनें & ख़बरें दें
अगर आपमें सच्ची ख़बरों की समझ है, तो जीत समाचार से जुड़ें। अपनी ख़बरें, लेख या वीडियो हमें भेजें।
हम आपकी आवाज़ को देश-दुनिया तक पहुँचाएँगे।
9803025111, 8878400009
विज्ञापन दें
अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएँ। जीत समाचार के विशाल पाठक वर्ग तक पहुँचें। आज ही अपने विज्ञापन बुक करें।
हमारी वेबसाइट & सोशल मीडिया
www.zeetsamachar.com - ताजा ख़बरों और विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें। सोशल मीडिया पर भी हमें फॉलो करें।
संपर्क करें और विश्वसनीय पत्रकारिता का हिस्सा बनें! 'जीत समाचार' - सिर्फ ख़बरें नहीं, सच्चाई का वादा।

# बड़ा भंगाल का विकास सरकार की प्राथमिकताः

## सीएम सुक्खू ने दुर्गम क्षेत्र में लोगों से मिलकर सुनीं समस्याएं

जीत समाचार कांगड़ा/बड़ा भंगाल। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अपने हालिया प्रवास के दौरान हिमाचल प्रदेश के सबसे दुर्गम क्षेत्रों में से एक, 'बड़ा भंगाल' का दौरा किया। यहाँ उन्होंने स्थानीय लोगों से सीधी संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।



दुर्गमता विकास में बाधा नहीं

मुख्यमंत्री ने बड़ा भंगाल की कठिन भौगोलिक स्थितियों पर बात करते हुए कहा कि यहाँ के निवासियों का जीवन चुनौतीपूर्ण है, लेकिन उनका हौसला बेहद मजबूत है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, "बड़ा भंगाल को दुर्गम कहकर यहाँ के लोगों को विकास के अवसरों से दूर नहीं रखा जा सकता। हमारी सरकार में दुर्गमता कभी भी विकास की राह में बाधा नहीं बनेगी और न ही लोगों की दिक्कतों को अनसुना किया जाएगा।"

प्राथमिकता के आधार पर समाधान

स्थानीय निवासियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति तक भी पूरी तरह पहुँचे।

उम्मीद और संघर्ष का संगम

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की सराहना करते हुए कहा कि बड़ा भंगाल के लोगों के जीवन में संघर्ष के साथ-साथ विकास की गहरी उम्मीदें भी हैं। उन्होंने सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का संकल्प दोहराया ताकि इस क्षेत्र को मुख्यधारा के विकास से और बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके।

# हमीरपुर जिले में 29,830 बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप्स

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरों)। सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत रविवार को जिला हमीरपुर में 5 वर्ष तक की आयु के 29,830 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों के अलावा पोलियो की आशंका वाले स्थानों जैसे प्रवासी श्रमिकों की बस्तियों एवं झुग्गी बस्तियों के आसपास भी विशेष रूप से बूथ स्थापित किए गए थे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 29,924 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रविवार को कुल 29,830 यानि लगभग 99.68 प्रतिशत बच्चों को यह दवाई पिलाई गई। किन्हीं कारणों से अगर कोई बच्चा छूट गया है तो स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर यह दवाई पिलाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि



सर्किट हाउस हमीरपुर में लगाए गए बूथ पर उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ की बेटी को भी पोलियो ड्रप्स पिलाई गई।

# करसोग में एसडीएम ने किया पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ

जीत समाचार करसोग(ब्यूरों)। सिविल अस्पताल करसोग में पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने किया। उन्होंने सिविल अस्पताल करसोग परिसर में 9 माह के वैभव को पोलियों की खुराक पिला कर इस अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि करसोग खंड में 0—5 वर्ष तक के आयु वर्ग के 5592 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है।




करसोग डॉ गोपाल चौहान ने बताया कि प्रभावी योजना बना कर सुबह 6 बजे ही कोल्ड चेन पॉइंट्स से सभी बूथों पर वैक्सीन पहुंचाई गई। उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर बिना किसी शिकायत या बाधा के सुचारू रूप से इस अभियान को संचालित किया गया।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए उपमंडल में बनाए गए सभी 6 कोल्ड चेन पॉइंट्स से सुबह 6 बजे ही सभी बूथों पर वैक्सीन पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियों की खुराक से वंचित ना रहे इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावी योजना तैयार की गई है। बीएमओ

सिविल अस्पताल करसोग परिसर में आयोजित शुभारंभ समारोह में खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ गोपाल चौहान ने एसडीएम का स्वागत किया। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ द्वारा बनाई गई अभियान से संबंधित रंगोली भी विशेष आकर्षण रही।

# गैस सिलेंडर वितरण सूचना

दिनांक 29/06/2026 (सोमवार) को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा।
चढ़ियार मार्केट, खु, कठेरू, मुगल, नागपुरी, रोपा, हलेड, थनपाल, चंबी, घुघराड, टनडर, दल्लू, बीजापुर, नेतरु, कछाल, भंडारियां, टिकरी, कमांड, करनघट, हड़ोट, मक्कर तथा कोटली। इसके अतिरिक्त, कल हमारे कार्यालय में भी गैस सिलेंडर उपलब्ध रहेंगे।
यदि आपके कोई सुझाव या शिकायत हो, तो कृपया हमारे कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक संपर्क करें।01894—257444, 01894—257666 धन्यवाद। चढ़ियार गैस सर्विस

## मंडीः नवनिर्वाचित उपप्रधान पर महिला से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप, बीएनएसके तहत मामला दर्ज

जीत समाचार सुंदरनगर/मंडी(ब्यूरों)। हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी की एक ग्राम पंचायत में चुनाव के महज एक महीने बाद ही उपप्रधान पर गंभीर आरोप लगने से इलाके में हड़कंप मच गया है। एक महिला ने उपप्रधान के खिलाफ दुष्कर्म, पीछा करने, अश्लील हरकतें करने, ब्लैकमेलिंग और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्या है मामला?

पीड़िता ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी उसे लंबे समय से परेशान कर रहा था। महिला का आरोप है कि उपप्रधान ने उसे तस्वीरों के जरिए बदनाम करने की धमकी दी और ब्लैकमेल किया। इसके अलावा, आरोपी पर महिला के पति और बेटे को जान से मारने की धमकी देने के भी गंभीर आरोप हैं। चुनाव जीतने के बाद भी आरोपी का रवैया नहीं बदला, जिसके बाद महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस का दरवाजा खटखटाया।

पुलिस ने शुरू की निष्पक्ष जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडी पुलिस तुरंत हरकत में आई है। मंडी के एसपी विनोद कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एसपी ने स्पष्ट किया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और कानून के अनुसार जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इलाके में भारी रोष

नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि पर इतने गंभीर आरोप लगने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्थानीय महिला संगठनों ने भी इस मामले में त्वरित और पारदर्शी जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि एक सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति से ऐसी उम्मीद नहीं की जाती और इस मामले में कानून अपना काम पूरी सख्ती से करे।

कानूनी स्थिति

फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से गहन जांच कर रही है। कानून के अनुसार, आरोप सिद्ध होने तक किसी को भी दोषी नहीं माना जा सकता है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच में किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं होगा।



# जीत समाचार एक्सक्लूसिव :

## डाडुणी श्मशान घाट हादसाः पेड़ गिरने से ध्वस्त हुआ शेड, ग्रामीणों ने सड़क और निर्माण कार्य के लिए प्रशासन को सचेत किया



जीत समाचार कांगड़ा/द्रुमका( अभिषेक न्यूज एडिटर)। **28** जून **2026** को द्रुमका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डाडुणी श्मशान घाट में रविवार सुबह करीब **11:30** बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। श्मशान घाट परिसर में पेड़ काटने के दौरान अचानक शेड (छत) ध्वस्त हो गया। गनीमत रही कि इस दौरान वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान होने से बच गया।

### विकास कार्यों की बदहाली पर भड़के ग्रामीण

इस घटना के बाद डाडुणी क्षेत्र की ग्राम पंचायत मझेड़ा और परशेड के ग्रामीणों में भारी रोष है। स्थानीय निवासियों ने श्मशान घाट की जर्जर स्थिति को लेकर सरकार और विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद श्मशान घाट के बुनियादी ढांचे के सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया गया है।

### रास्ते की बदहाली से अंतिम संस्कार में भी परेशानी

मझेड़ा पंचायत के संस्कार में शामिल लोगों ने बताया कि श्मशान घाट तक जाने वाले रास्ते की हालत अत्यंत दयनीय है। सड़क कच्ची और खस्ताहाल होने के कारण अंतिम संस्कार के समय भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। जो कभी सरकार के प्रयासों व ग्रामीण के सहयोग से बना था ग्रामीणों के अनुसार, वर्तमान में इस सड़क रास्ते की खराब स्थिति के चलते लगभग **30** प्रतिशत लोग समय पर श्मशान घाट नहीं पहुंच पाते हैं।

### प्रशासन से सख्त मांग

हिमाचल प्रदेश सरकार विधान सभा ग्राम पंचायत मझेड़ा के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने मौजूदा सरकार से संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से निम्नलिखित मांगें की हैं।

तत्काल मरम्मतः डाडुणी श्मशान घाट के ध्वस्त हुए शेड का तुरंत पुनर्निर्माण कराया जाए।

सड़क का सुदृढ़ीकरणः श्मशान घाट तक जाने वाले संपर्क मार्ग को पक्का और सुगम बनाया जाए।

सुरक्षा मानकः श्मशान घाट परिसर में मौजूद अन्य खतरनाक पेड़ों को चिह्नित कर उन्हें सुरक्षित तरीके से हटवाया जाए ताकि भविष्य में किसी अनहोनी को रोका जा सके।

ग्रामीणों ने सरकार को सचेत किया जल्द से जल्द इस कार्य में अम्ल किया जाएं ताकि यहां के लोंगो को आने-जाने की परेशानियों से राहत मिले । जनता का यदि विकास होगा तभी भविष्य में सरकार को आने वाले चुनावों में समर्थन मिलेगा ।

# सलोहः राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग, तीन गैस सिलेंडर फटे



जीत समाचार चंबा/सलोह। जिला कांगड़ा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सलोह में आज बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि इसने देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया।

### क्या हुआ पूरा घटनाक्रम?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल परिसर में अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग की चिंगारी उठी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास ही रखे तीन गैस सिलेंडर भी उनकी चपेट में आ गए। सिलेंडरों में आग लगने के कारण विस्फोट हुआ, जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते विद्यालय का एक बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया।

### बड़ा हादसा टलाः

गनीमत यह रही कि घटना के समय स्कूल में बच्चे या स्टाफ मौजूद नहीं थे, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान होने से टल गया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

### जांच जारीः

घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और पुलिस टीम ने मौके का मुआयना किया है। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है और प्रशासन मामले की गहन जांच में जुट गया है कि शह्रट सर्किट किन परिस्थितियों में हुआ।

# नूरपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः एचआरटीसी बस में सवार 19 वर्षीय युवती 1 किलो 6 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार




जीत समाचार नूरपुर(ब्यूरों)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नूरपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस की सीआईए-1 टीम ने एक एचआरटीसी बस में सवार **19** वर्षीय युवती को **1** किलो **6** ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवती भारी मात्रा में चरस लेकर बस से जा रही है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने जसूर स्थित बौड चौक के पास नाकाबंदी की। तलाशी के दौरान बस में सवार युवती के बैग से **1** किलो **6** ग्राम चरस बरामद हुई।

### आरोपी की पहचान

पकड़ी गई युवती की पहचान गुनगुन (19 वर्ष) के रूप में हुई है, जो खिल्डू, डाकघर बिंद्राबन, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा की रहने वाली है।

### पुलिस का बयान

एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने पुष्टि की है कि आरोपी युवती के खिलाफ थाना नूरपुर में एनडीपीएस (छक्के) एक्ट की धारा **20** और **29** के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब युवती से पूछताछ कर नशे के इस पूरे नेटवर्क और इसके मुख्य आपूर्तिकर्ताओं का पता लगाने में जुटी है।

